नागौर। श्री बीआर मिर्धा कॉलेज में कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता। -नवज्योति

विद्यार्थियों को किया उद्यमिता कौशल विकसित करने को लेकर प्रोत्साहित

'आई-स्टार्ट' के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर

श्री बीआर मिर्धा महाविद्यालय में गुरुवार को प्रदेश की उद्यमशीलता से संबंधित महत्वाकांक्षी योजना 'आई-स्टार्ट' के बारे में जानकारी देने के लिए संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकसित करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत नए स्टार्ट अप की शुरुआत करने के संदर्भ में तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के साथ ही मेंटर द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना प्रस्तावित है। इसके लिए श्री बीआर मिर्धा महाविद्यालय में डॉ. हेमाराम धुंधवाल एवं प्रो. अविनाश व्यास के नेतृत्व में एक इनक्यूबेशन सेल बनाई गई है। जहां नए स्टार्ट अप के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड ने स्थानीय क्षेत्र के विभिन्न सफल उद्यमियों के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर डॉ. धुंधवाल ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सम्पूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा वेबसाइट पर शुरू हुई रजिस्ट्रेशन एवं अन्य संबंधित सम्पूर्ण जानकरी दी। इस दौरान प्रो. अविनाश व्यास ने सभी विद्यार्थियों को शीघ्रता से रजिस्ट्रेशन करके अपना प्रपोजल शीघ्र ही सबमिट करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. हरसुखराम छरंग, डॉ. रणजीत पूनिया, डॉ. पूर्णिमा कात्याल, डॉ. प्रकाश नारायण, प्रो. पूर्णिमा झा, प्रो. बीपी नवल, प्रो. केआर महला, प्रो. जगदीश राम, प्रो. एके जांगिड़, प्रो. विनीता मिर्धा, प्रो. शिम्भुराम चोटिया आदि उपस्थित रहे।

स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

डीडवाना। राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर गुरुवार को आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य श्रवणराम चौधरी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार सत्र 2021-22 के दौरान आयोजित होने वाले विशेष एक दिवसीय शिविर के क्रम में तृतीय विशेष एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर की सफाई की गई।